Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

भ्रष्टाचार के विरूद्ध : विशेष जागरूकता अभियान

जनता में जागरूकता से ही कम होगा भ्रष्टाचार

–महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

जयपुर, 04 मार्च। महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो श्री राजीव शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार की भ्रष्टाचार के विरूद्ध "जीरो-टोलरेन्स की नीति" को सुचारू रूप से लागू करने की मंशा के अनुरूप भ्रष्टाचार पर यदि अंकुश लगाना है तो आमजन को भ्रष्टाचार के विरूद्ध जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि आम जन की सजगता से भ्रष्टाचार में कमी आएगी और राजकीय कार्यों में पारदर्शिता और सुशासन स्थापित होगा।

एसीबी महानिदेशक ने बताया कि ब्यूरो द्वारा आमजन को भ्रष्टाचार के विरूद्ध जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को विशेष प्रचार-प्रसार अभियान आयोजित किया गया। जिसमें राज्य सरकार की भ्रष्टाचार के विरूद्ध शून्य सहनशीलता की नीति को सुचारू रूप से लागू करने के लिए सम्पूर्ण प्रदेश में 4 मार्च को आम जन को भ्रष्टाचार के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एसीबी की सभी यूनिट्स के माध्यम से विशेष जागरूकता अभियान आयोजित किये गए।

श्री राजीव शर्मा ने बताया कि एक ही दिन में सभी यूनिट्स प्रभारी अपने क्षेत्र के सरकारी/अर्द्धसरकारी एवं सार्वजनिक स्थानों पर (जैसे- कलेक्टर कार्यालय, स्थानीय निकाय, निगम कार्यालय, पुलिस कार्यालय, ई-मित्र केन्द्र एवं अन्य सरकारी एवं गैर सरकारी उपक्रम) जहाँ आमजन का अधिक संख्या में आवागमन बना रहता हैं ऐसे स्थान चिह्नित कर, एसीबी के जागरूकता पोस्टर चस्पा किये गए। साथ ही एसीबी टीम द्वारा उक्त कार्यालय कर्मियों एवं आमजन से भ्रष्टाचार के विरूद्ध जागरूकता विषय पर संवाद भी किया गया।

महानिदेशक ने बताया की इस अभियान के तहत एसीबी के टोल फ्री नम्बर एवं व्हाट्सएप नम्बर को ज्यादा से ज्यादा आमजन में प्रचारित किया जा रहा है। जिससे आमजन निर्भय होकर एसीबी के पास भ्रष्टाचार संबंधी शिकायत दर्ज करा सकेंगे।

श्री राजीव शर्मा ने बताया कि आज प्रदेश भर के उक्त चिन्हित कार्यालयों में लगाए गए पोस्टर्स पर एसीबी के हेल्पलाईन नम्बर 1064 एवं व्हाट्सएप नम्बर 94135–02834 प्रदर्शित किये गए हैं। ये आमजन को सुगमता एवं स्पष्ट रूप से दिखाई दे यह भी सुनिश्चित करने के सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा समस्त प्रदेशवासियों से अपील की गई है कि वे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की हैल्पलाईन नम्बर 1064 एवं व्हाट्सएप हैल्पलाईन नम्बर 94135–02834 पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान देवें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।